वर्ष 2014 के राष्ट्रपति स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर और युवा अग्रणी पुरस्कार/प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाने के अवसर पर भारत के राष्ट्रपति, श्री प्रणब मुखर्जी का अभिभाषण

राष्ट्रपति भवन : 08 दिसम्बर, 2015

प्रिय मित्रो, देवियो और सज्जनो,

आज के पुरस्कार समारोह में भाग लेने के लिए इस ऐतिहासिक दरबार हॉल में आपके बीच उपस्थित होना वास्तव में मेरा सौभाग्य है।

ये पुरस्कार सामुदायिक सेवा में आपकी असाधारण उपलब्धियों के सम्मान के प्रतीक हैं। इस पुरस्कार की परंपरा 1961 से आरंभ हुई जब मेरे प्रख्यात पूर्ववर्ती और भारत के प्रथम राष्ट्रपति, डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने स्वयं को भारत स्काउट और गाइड संगठन के साथ संबद्ध किया। वर्षों से इस पुरस्कार ने अनेक स्काउटों और गाइडों तथा दूसरे लोगों को सामुदायिक सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्य करने के लिए प्रेरित किया है।

प्यारे युवा मित्रो,

स्काउट और गाइड अभियान युवाओं को अनुभव, मैत्री, परिश्रम, सोहार्द और मानवता के मूल्यों के माध्यम से सीखने का एक विशिष्ट मंच है। 1907 में अपनी स्थापना के बाद से, रॉबर्ट-बेडन पॉवेल के नेतृत्व में अभियान पूरे विश्व में फैल गया है। आज दुनिया के हर एक देश में स्काउट और गाइड संगठन मौजूद है। सामुदायिक सेवा, एकता शिविर, आदान-प्रदान कार्यक्रम बाहरी गतिविधियां जैसे कार्यकलापों के

माध्यम से, स्काउट अभियान का लक्ष्य राष्ट्र और समाज के विकास में सकारात्मक योगदान के लिए युवाओं को प्रेरित करना है। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि 50 लाख से अधिक सदस्यता के साथ भारत स्काउट और गाइड हमारे देश का एक विशालतम गैर सरकारी संगठन है।

प्यारे मित्रो,

आज हम वैश्विक रूप से जुड़ी दुनिया में रहते हैं। किसी भी प्रगतिशील समाज के लिए, नागरिकों द्‌वारा राष्ट्र को अग्रसर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण, आधुनिक परिप्रेक्ष्य, डिजीटल और पेशेवर कौशल हासिल करने चाहिए। हमें इस उद्‌देश्य से अपने देश के युवाओं को शामिल करना और उन्हें तैयार करना होगा तथा उनमें बंधुत्व, प्रेम और सहृदयता की भावना पैदा करनी होगी। आज भारत एक युवा राष्ट्र है क्योंकि इसकी आधी आबादी पच्चीस वर्ष या उससे कम है। युवाओं की क्षमता का वास्तविक प्रयोग करने के लिए हमें उनमें प्रमुख सभ्यतागत मूल्यों अर्थात सभी के प्रति सहृदयता, मातृभूमि के प्रति प्रेम और महिलाओं का सम्मान, जीवन में सत्य और ईमानदारी, आचरण में अनुशासन और आत्मसंयम तथा कार्य में दायित्व पैदा करने चाहिए। मुझे बताया गया है कि स्काउट, गाइड, रेंजर और रोवर न केवल देश में बल्कि विदेश में भी सांस्कृतिक एकल कार्यक्रमों, आदान-प्रदान कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। मुझे विश्वास है कि आप सांस्कृतिक विविधता तथा भ्रातृत्व, मैत्री और मानवता के मूल्यों की समानता की सराहना करना सीख चुके होंगे।

प्यारे मित्रो,

मुझे वास्तव में यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि भारत स्काउट और गाइड के कार्यकर्ताओं की एक टीम अप्रैल, 2015 में आपदा आने के 48 घंटों के भीतर राहत और पुनर्वास मुहैया करवाने के लिए भूकंप से प्रभावित नेपाल के अंदरुनी गांवों में पहुंच गई थी। स्काउट गाइड अभियान द्वारा संचालित आपदा तैयारी कार्यक्रमों ने सदैव मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए ऐसी आपात स्थिति के दौरान त्वरित कार्रवाई के लिए युवाओं की मदद की है।

मैं आपसे हमारे देश की जीवन गुणवत्ता बढ़ाने के लक्ष्य वाले सरकार के राष्ट्रीय कार्यक्रमों में स्वैच्छिक कार्य करने और उनमें पूरी तरह भाग लेने का आग्रह करता हूं। 'श्रम की गरिमा' बनाए रखने में महात्मा गांधी की संकल्पना को आगे बढ़ाने का 'स्वच्छ भारत अभियान' सरकार का एक अग्रणी कार्यक्रम है। मैं आपसे उम्मीद करता हूं कि आप न केवल स्वयं भाग लेंगे बल्कि सार्वजनिक स्थल साफ और स्वच्छ रखने के लिए दूसरों को भी प्रोत्साहित करेंगे। आपके अपने घर, अपने कार्य स्थल, अपने स्कूल, कॉलोनी जहां आप रहते हैं, से शुरुआत करने पर आपको अंतर पता चलेगा। 'डिजीटल इंडिया' मिशन का लक्ष्य देश के सुदूरतम कोने में डिजीटल ढांचा प्रदान करना तथा डिजीटल सशक्तता को बढ़ावा देना है। आप डिजीटल क्रांति के चरण से जुड़े हैं। अपने परिवार से लेकर अपने समुदाय तक शुरुआत करके, मैं आपसे डिजीटल साक्षरता का संदेश फैलाने की आशा करता हूं। जब हम सभी ऐसी पहल में एकजुट होकर शामिल होंगे, तो हमारा देश विकास और प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर होगा।

प्रिय मित्रो,

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि भारत स्काउट और गाइड ने प्राकृतिक संसाधनों को सहेजने में सक्रिय योगदान देने तथा स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्रयास करने के लिए 'वर्ल्ड स्काउट एन्वायरनमेंट बैज' तथा 'स्काउट्स गो सोलर' जैसी नई पहल की हैं। नए-नए आरंभ पाठ्यक्रम 'सर्फ स्मार्ट' के जरिए इंटरनेट जालसाजी के बारे में युवाओं को जागरूक करने की स्काउट और गाइड की पहल जिम्मेदार साइबर सर्फिंग और इंटरनेट प्रयोग के बारे में चेतना पैदा करने एक अहम प्रयास है।

मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि स्काउट गाइड अभियान के सदस्य महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा, बाल दुर्व्यवहार तथा कन्या भ्रूण हत्या के बारे में जागरूकता बढ़ाने में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। ये ऐसे जरूरी मुद्दे हैं जिनका हमारा समाज सामना कर रहा है। मैं एक बार पुन: इस संगठन के अग्रणियों से इसे एक वैश्विक रूप से प्रमुख और स्वावलंबी उत्कृष्ट युवा अभियान बनाने के कार्यों के प्रति स्वयं को समर्पित करने का आग्रह करता हूं।

अंत में, मैं एक बार पुन: सभी पुरस्कार विजेताओं को उनकी असाधारण और उत्कृष्ट सेवा के लिए बधाई देता हूं। मैं, भारत स्काउट और गाइड की सराहना करता हूं और उनके सभी प्रयासों की निरंतर सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

धन्यवाद,

जय हिंद!